## संक्षिप्त

### पहाडिया मामले में केस डायरी तलब

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर के पूर्व कलेक्टर और निलंबित आईएएस नन्नूमल पहाडिया के रिश्वत लेने के मामले में एसीबी से 27 मई को केस डायरी पेश करने को कहा है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश नन्नूमल पहाडिया की जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ता की ओर से याचिका में कहा गया कि प्रकरण में उसने न तो रिश्वत राशि की डिमांड की है और ना ही उसे रिश्वत राशि के साथ पकडा गया था। इसके अलावा उसका पूर्व में ही कलेक्टर पद से तबादला भी हो चुका था। प्रकरण में वह लंबे समय से जेल में बंद है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इस पर सरकारी वकील ने कहा कि प्रकरण में केस डायरी मंगाकर एसीबी के अनुसंधान के बारे में जानकारी लेनी चाहिए। इस पर अदालत ने एसीबी को 27 मई को केस डायरी पेश करने को कहा है।

### दूसरी एफआईआर में गिरफ्तारी पर रोक

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रिश्वत मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे बायोफ्यूल अथॉरिटी के निलंबित सीईओ सुरेन्द्र सिंह को एसीबी की ओर से दर्ज दूसरी एफआईआर में गिरफ्तार करने पर 18 मई तक अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में एसीबी से जवाब तलब किया है। जस्टिस बीरेन्द्र कुमार ने यह आदेश सुरेन्द्र सिंह की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता वीआर बाजवा ने अदालत को बताया कि एसीबी ने परिवादी का लाइसेंस रिन्यू करने और बिना रुकावट व्यापार करने देने की एवज में दलाल के जरिए पांच लाख रुपए लेने के मामले में याचिकाकर्ता को गत सात अप्रेल को गिरफ्तार किया था। वहीं अनुसंधान के दौरान एसीबी ने याचिकाकर्ता के आवास से तीन करोड़ 62 लाख रुपए सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए थे।

### सात अस्थाई पद मंजूर

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग में 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक के लिए 7 विभिन्न अस्थाई पदों की स्वीकृति प्रदान की है। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ओ. पी. बुनकर ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से प्रतिनियुक्ति पर सचिव, निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के एक- एक पद तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग से प्रतिनियुक्ति पर सूचना सहायक के एक पद सहित कुल 7 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि ये पद एक्स कैडर में सम्मिलित नहीं होंगे।

### राजस्थान विधानसभा देखी

**जयपुर,** (का.सं.)। झारखंड विधानसभा की जीरो आवर कमेटी ने राजस्थान विधानसभा के सदन एवं गैलरीयो का अवलोकन किया। विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने कमेटी के सदस्यों को राजस्थान विधानसभा का साहित्य भी भेंट किया।

# सुपारी लेकर लूट करने वाली गिरोह का खुलासा

## पुलिस ने शूटर सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया

**जयपुर,**(कासं)। राजधानी की कोतवाली थाना पुलिस ने सुपारी लेकर लूट और फायरिंग करने वाले गिरोह का खुलासा कर शूटर सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

डीसीपी नोर्थ परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शोएब अख्तर निवासी उदेई मोड सवाईमाधोपुर, कमलेश निवासी आंधी जयपुर और कृष्ण कुमार निवासी बागोडा जालौर का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी कृष्ण कुमार की रायसर प्लाजा में मोबाइल एसेसरीज की दुकान है। वह माल का क्रय विक्रय का लेनदेन नगद डी नरेश कुमार फर्म बाबा हरिशचंद्र मार्ग के माध्यम से किया जाता था। कुछ समय से कृष्ण कुमार और नरेश कुमार फर्म के मध्य विवाद हो गया था। इस कारण फर्म ने कृष्ण कुमार से रुपए लेन-देन बंद कर दिए थे। कृष्ण कुमार फर्म को सबक सिखाना चाहता था। कृष्ण कुमार ने पडोसी दुकानदार कमलेश शर्मा से मिलकर अपने सहयोगी के माध्यम से बाहर से शूटर बुलवाकर फर्म द्वारा कलेक्शन किए जाने वाले रुपयों को लूटने की योजना बनाई थी। कृष्ण और कमलेश को पीड़ित की व्यापारिक



**जयपुर की कोतवाली थाना पुलिस ने पिछले दिनों बाबा हरिशचन्द्र मार्ग पर फायरिंग कर व्यापारी से लूट का प्रयास करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

गतिविधियों की जानकारी थी। उसके कर्मचारियों की दैनिक गतिविधियों की रेकी करके लूट करने की योजना बनाई गई। षड्यंत्र के तहत 50-50 प्रतिशत लूट से प्राप्त होने वाली राशि आपस में बांटने का तय कर लिया गया था। 14 अप्रैल को आरोपियों ने शोएब अख्तर, अकरम और संजय मीणा को बुलाया। वारदात स्थल के रूट और कलेक्शन एजेंट की पूरी जानकारी तीनों को उपलब्ध करवाई। इसके बाद तीनों आरोपी मोटरसाइकिल पर बैठकर पीड़ित का पीछा करते हुए वारदात स्थल पर पहुंचे। पीड़ित से रुपयों का बैग छीनने का प्रयास किया। लूट में असफल होने पर पीड़ित पर देशी कट्टे से फायर कर दिया। बैग में करीब 10 लाख रुपये नगदी रखी हुई थी। पीड़ित के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

एडिशनल डीसीपी नॉर्थ धर्मेंद्र सागर के मुताबिक पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पेशल टीम का गठन किया। पुलिस की स्पेशल टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के आधार पर सूचनाएं एकत्रित की गई। पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया कि गंगापुर सिटी सवाई माधोपुर निवासी अकरम और शोएब अख्तर करौली निवासी मीणा ने वारदात की है।

पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश के लिए रवाना की गई। लेकिन आरोपी पहले ही फरार हो गए। 3 मई को आरोपी शोएब अख्तर के ईद पर गंगापुर सिटी में जाने की जानकारी मिली। गंगापुर सिटी पुलिस से संपर्क किया गया। गंगापुर सिटी में पुलिस ने आरोपी शोएब अख्तर को एक देशी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जिसके बाद जयपुर की कोतवाली थाना पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## रीट मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तारी







**जयपुर,**(कासं)। रीट परीक्षा मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को एसओजी ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। जालोर के 26 वर्षीय विकास मांजू विश्नोई, 32 वर्षीय महेन्द्र माली और 26 वर्षीय दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि अब तक के अनुसंधान से अभियुक्त विकास मांजू व महेन्द्र माली ने सहयोगी के रूप में रीट परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले अन्य अभियुक्तों को उपलब्ध करवाया।

- **एसओजी अभी तक 57 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी है**
- **विकास मांजू व महेन्द्र माली ने प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले अन्य अभियुक्तों को उपलब्ध करवाया था**

अभियुक्त दिनेश कुमार ने अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा पूर्व रीट परीक्षा का प्रश्न पत्र पढ़ना जानकारी में आया है। इस आधार पर तीनों को एसओजी ने अलग-अलग जगहों से मुखबिर से मिली जानकारी के बाद गिरफ्तार किया है। राठौड़ ने बताया कि एसओजी द्वारा अब तक रीट प्रकरण में 57 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। रीट पेपर लीक मामले में अभी-भी कई आरोपी एसओजी की रडार में हैं जिन्हे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## मोबाइल स्नेचिंग करने वाले चार बदमाश दबोचे

**जयपुर,**(कासं)। राजधानी की चित्रकूट नगर थाना पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग गिरोह के 4 बदमाशों को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार किया है। गैंग में दो लुटेरे और दो खरीदार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 16 मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी क्राइम परिस देशमुख ने बताया कि मोबाइल स्नेचिंग गिरोह के बदमाश विजेन्द्र उर्फ मोनू शर्मा (26) निवासी अखेपुरा मोहल्ला कोतवाली अलवर हाल राजावास हरमाड़ा, नरेन्द्र उर्फ कालू सैनी (30) निवासी व्यास कॉलोनी शास्त्री नगर और जीतू सैनी (22) व कृष्णा कुमार (21) निवासी नाथावाला शाहपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी विजेन्द्र उर्फ मोनू शर्मा व नरेन्द्र उर्फ कालू सैनी मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देते है। दोनों नशा करने के आदी है। लूटे गए मोबाइल को जीतू व कृष्णा को सस्ते दामों में बेचकर नशे के शौक को पूरा करते। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दबिश देकर दोनों मोबाइल स्नेचरों को पकड़ा। जिसकी पूछताछ पर दबिश देकर दोनों खरीदारों को पकडा गया।

## महिला की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या

**जयपुर,**(कासं)। राजधानी के सदर इलाके में बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला के सिर पर बार कर तथा धारदार हथियार से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। महिला ने सोने के जेवर पहन रखे थे, लेकिन हत्यारे ने ना तो जेवर और ना ही पैसे चुराए। पुलिस इस पूरे मामले को रंजिश के तौर पर मान रही हैं।

पुलिस ने बताया कि मृतका शारदा जैन (67) रेलवे स्टेशन के पास बड़ौदिया बस्ती में रहती थी। उनके पांच बेटियां है जिनकी शादी हो चुकी है। शारदा बड़ौदिया बस्ती में ही अकेले रहती थी। उनके एक भाई दिनेश जैन सिविल लाइन्स में रहते है। हत्या की भनक उस समय लगी जब पड़ोस में नन्दनी किराना जनरल स्टोर के मालिक जगदीश सिंह अपनी दुकान खोलने आए तो पानी बह रहा था। इस पर वह अंदर पहुंचे तो दरवाजा बंद था। खटखटाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने इसकी सूचना सवाईमाधोपुर में रहने वाली बेटी को दी। बेटी ने सिविल लाइन्स में रहने वाले मामा दिनेश जैन को घर भेजा तब वारदात का पता चला। पुलिस मौके पर पहुंची तो अंदर शारदा देवी की लाश पड़ी हुई थी। उसके गला

- **आरोपियों ने घर में रखे किसी भी सामान को हाथ नहीं लगाया**
- **जयपुर के सदर थाना इलाके में बड़ौदिया बस्ती की घटना**

से खून बह रहा था और सिर पर भारी वस्तु से हमला किया गया था। पुलिस ने बताया कि घर का पूरा सामान सही तरीके से रखा हुआ था। किसी भी तरह की लूटपाट या चोरी व डकैती के घर से सबूत नहीं मिले थे।

शारदा जैन ने अंगूठी और सोने की चेन पहन रखी थी। हत्यारे ने उसे छुआ तक नही। जिस तरह से हत्या की गई है मौके पर संघर्ष के निशान मिले है। माना जा रहा है कि हत्यारे से बचने के लिए शारदा जैन ने संघर्ष किया था। पुलिस अब आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि हत्यारे का पता लगाया जा सके।

## सांसद किरोड़ी मीणा को आदिवासी सम्मेलन में जाने की अनुमति दी

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को पुलिस ने 14 मई को धरियावद में होने वाले आदिवासी सम्मेलन में जाने की अनुमित दे दी है। मीणा पुलिस सुरक्षा के बीच धरियावद के लिए रवाना भी हो गए है। वे रात को निम्बाहेड़ा में विश्राम करेंगे। इससे पहले पुलिस ने मीणा को गुरुवार को उदयपुर से जयपुर भेज दिया था। मीणा का कहना था कि उदयपुर में एक कार्यकर्ता के पिता की मौत के बाद संवेदना जताने जा रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें उदयपुर होटल में ही नजरबंद कर दिया। बाद में जबरन जयपुर में भेज दिया। शुक्रवार को

- **डॉ. मीणा को पुलिस सुरक्षा के बीच धरियावद के लिए रवाना किया गया।**
- **वे रात को निम्बाहेड़ा में विश्राम करेंगे।**

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने उन्हें अपने पास कमिश्नरेट में बुलवाया था। कमिश्नर ने उन्हें उदयपुर जाने के लिए मना किया, लेकिन वह नहीं माने। काफी कोशिशों के बाद भी जब किरोड़ीलाल नहीं माने तो पुलिस कमिश्नर ने उन्हें पुलिस सुरक्षा में जाने की इजाजत दे दी। मीणा अब पुलिस सुरक्षा में धरियावद के लिए रवाना हो गए। इससे पहले किरोड़ीलाल मीणा ने कमिश्नरेट में पत्रकारों को बताया कि उन्हें उदयपुर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। इस पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर को गिरफ्तार करने के लिए कहा, लेकिन कमिश्नर ने उन्हें गिरफ्तार करने से मना कर दिया।

किरोड़ीलाल मीणा की पुलिस कमिश्नरेट में पहुंचने की खबर सुनकर उनके समर्थक कमिश्नरेट पहुंच गए। हर कोई उन्हें छोड़ने के लिए कह रहा था। इसी दौरान किरोड़ीलाल मीणा बाहर आए और उन्होंने कहा कि उन्हें उदयपुर जाने से रोका जा रहा है, लेकिन वह बिना जाए मानेंगे नही। इस बीच पुलिस से वह गिरफ्तार करने की कहते हुए भी नजर आए। बाद में किरोड़ी को पुलिस सुरक्षा में जाने की इजाजत दी।

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया

**जयपुर।** राजधानी के माणक चौक थाने में एक युवती को फॉरेस्ट ऑफिसर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर दुष्कर्म करने और पांच लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि रेप मामले में आरोपी हिमांशु शर्मा (21) निवासी नूरमहल फिल्लौर जालंधर को गिरफ्तार किया है। 22 वर्षीय युवती ने बुधवार रात रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि मार्च 2020 में वह नेहरू गार्डन के पास पीजी में रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसकी रूम पाटर्नर जालंधर के रहने वाले हिमांशु से बात करती थी। कभी-कभी सहेली उसके मोबाइल से भी उसे कॉल कर लेती थी।

लॉकडाउन लगने के कारण सहेली अपने गांव चली गई। दिसंबर 2020 में हिमांशु ने उसको कॉल किया। इसके बाद लगातार कॉल कर बात करने लगा। घर पर मिलने भी आया। फरवरी 2021 में हिमांशु जयपुर आया था। बातचीत के दौरान फॉरेस्ट ऑफिसर की नौकरी लगाने की बात कही। अपने साथ सिंधीकैम्प ले गया। जहां एक होटल में रूम लेकर दोनों ने खाना खाया। खाने में नशीला पदार्थ मिला होने के कारण वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ रेप किया। अश्लील फोटो खींच लिए। होश में आने पर विरोध करने पर अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी दी। यहां तक शादी करने का दबाव बनाया, लेकिन पीड़िता ने शादी करने से मना कर दिया। नौकरी करने के बाद शादी करने की कहा। इसके बाद अगस्त 2021 में पीड़िता के गांव के पत्ते पर आरोपी ने नौकरी का लेटर भिजवाया।

नौकरी लगवाने के लिए 5 लाख रुपए लिए। नौकरी का लेटर रायवाला देहरादून के नाम से था। 21 अगस्त को परिवार के साथ बस से पहुंची। दो दिन वहां रुकने के बाद हिमांशु ने बहाना बनाकर वापस भेज दिया। 29 अगस्त को दोबारा चाची के साथ पहुंची। इंडियन फॉरेस्ट सर्विस के गेट पर ले जाकर बहाना बनाकर हिमांशु ने उसकी चाची को जयपुर भेज दिया। इस दौरान आरोपी उसे कई शहरों के होटलों में लेकर गया। जहां मारपीट कर उसके साथ रेप किया। घरवालों को नौकरी लगने की कहकर अकाउंट में 35 हजार रुपए भेजकर विश्वास दिलवाया। फिर जैसे-तैसे पीड़िता उसके चुंगल से छुटकर जयपुर आ गई। फिर मामला दर्ज करवाया।

## घर में गीता और कुरआन दोनों की होती पूजा : डॉ. लईक हुसैन

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान फोरम की मासिक डेजर्ट सोल शृंखला के तहत शुक्रवार को प्रदेश के जाने-माने रंगकर्मी डॉ.लईक हुसैन रंगमंच प्रेमियों से रूबरू हुए। वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक राही ने संवाद किए। डॉ.लईक हुसैन ने कहा की जब रंगमंच से जुड़ा तो सभी घरवाले नाराज हो गए। पर, पिता ने कहा कि अगर तुझे इसमें सुकून मिलता है तो इस सफर को जारी रखो। इसके बाद से मैं रंगमंच से जुड़ता चला गया।

उन्होंने बताया इनके विवाह को भी काफी संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि माहेश्वरी लड़की को जीवन साथी के रूप में चुना। उन्होंने कहा कि मेरी सभी धर्मों में आस्था है, मेरे घर में मंदिर भी जिसमें गीता भी है और कुरआन दोनों मौजूद हैं। उनका मानना है कि जीवन में गर कुछ करना है तो कम से कम दो-तीन साल तो रंगमंच से जुड़े इससे आपके व्यक्तित्व में निखार आता है। उन्होंने बताया कि जयपुर के रवींद्र मंच से शुरू हुआ यह सफर एनएचडी तक भी पहुंचा। उदयपुर में रहकर इन्होंने गवरी थिएटर में भी बहुत काम किया।



**पद्मश्री गुलाबो और ध्रुवपद गायिका डॉ. मधुभट्ट तैलंग ने स्मृति चिन्ह देकर लईक हुसैन का सम्मान किया।**

गवरी भीलों का एक अनुष्ठान होता है जो कि 40 दिन तक चलता रहता है, जिसमें मुख्य पांच किरदार होते हैं। सैंकड़ों मील साइकिल से सफर करते हुए ये भीलों के समुदाय में जाकर इस अनुष्ठान का पूरा रिसर्च करके इस पर काम किया। इसके साथ ही इन्होंने तुर्रा-कलंगी से जुड़े कई नाटकों का मंचन किया। अंत में फोरम की सदस्याओं पद्मश्री गुलाबो और ध्रुवपद गायिका डॉ. मधुभट्ट तैलंग ने स्मृति चिन्ह देकर लईक हुसैन का सम्मान किया। इससे पहले राजस्थान फोरम की कार्यकारी सचिव अपरा कुच्छल ने सभी कला प्रेमियों का स्वागत किया। कला-प्रेमियों के लिए राजस्थान फोरम का एंथम सांग भी प्रस्तुत किया,। इसके बारे में सर्वेश भट्ट ने विस्तार से जानकारी दी।

## सार-समाचार

### 'आज का समय अच्छे कंटेंट का है'

**जयपुर** (कास)। इन दिनों सिर्फ अच्छी मूवी ही चल रही है। फिर मूवी हिंदी में हो या इंग्लिश में या किसी दूसरी भाषा में। ऑडियंस बहुत स्मार्ट है। ये कहना है बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का। 20 मई को रिलीज होने वाली फिल्म भूल भुलैया 2 का प्रमोशन करने शुक्रवार को जयपुर पहुंचे कार्तिक आर्यन ने कहा कि बॉलीवुड में गंगूबाई भी चली है। आज का समय अच्छे कंटेंट के लिए है। इसमें कहीं पर भी लैंग्वेज की दीवार नहीं है।



कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी नई फिल्म भूल भुलैया 2 के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। अनीस बज्मी की ओर से निर्देशित ये फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। ये फिल्म अक्षय कुमार और विद्या बालन की साइकोलॉजिकल थ्रिलर भूल भुलैया का सीक्वल है, जो 2007 में रिलीज हुई थी। भूल भुलैया 2 में कियारा और कार्तिक के साथ तब्बू, राजपाल यादव और संजय मिश्रा अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनमें सिर्फ राजपाल यादव ही हैं, जिन्होंने पहली फिल्म में छोटे पंडित की भूमिका निभाई थी।

### 'निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये किये जाए अथक प्रयास'

**जयपुर,** (का.सं.)। स्वायत्त शासन मंत्री एवं जयपुर जिला प्रभारी शान्ति धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार की जन कज्याणकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुये आमजन को राहत देने के लिये हर संभव प्रयास किये जाए। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ हर व्यक्ति को मिले, इसके लिए शत-प्रतिशत लोगों का पंजीयन कराये तथा अन्य निजी अस्पतालों को भी योजना से जोड़ें। उन्होंने कहा कि योजनाओं से अनुबंधित निजी अस्पताल के बारे में किसी मरीज द्वारा शिकायत की जाए तो उसकी शिकायत पर गंभीरता से कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। जिला प्रभारी मंत्री शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के तहत की जा रही कार्यवाही के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली, जिस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि जिले में 4 टीमों द्वारा नमूने लिये जाते है जिन्हें जांच के लिये लैब में भेज दिया जाता है जिनकी रिपोर्ट 15 से 30 दिनों के बीच में आ जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत दवा वितरण केन्द्रों पर पुख्ता व्यवस्था एवं जयपुर शहर के बड़े अस्पतालों में दवा वितरण की स्थिति के बारे में जांच कर 7 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिला प्रभारी मंत्री राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के बारे में जानकारी ली। जिस पर जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में अभी तक 57 हजार आवेदन पोर्टल पर प्राप्त हो चुके है जिनका विभाग द्वारा जारी नियमों के अनुसार निस्तारण कर दिया जायेगा। उन्होंने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के तहत संचालित विद्यालयों में निर्धारित समयावधि में अध्यापकों की नियुक्ति पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### दिव्यांगों को परिवहन में प्राथमिकता से सुविधा दी जाए : उमाशंकर शर्मा

**जयपुर** (कासं)। उमाशंकर शर्मा (अधिवक्ता ), राज्य आयुक्त, विशेष योग्यजन ने कहा कि दिव्यांगों को दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के तहत परिवहन में प्राथमिकता से सुविधा प्रदान की जाए। दिव्यांग जनों को परिवहन में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करवाने के उद्देश्य से राज्य आयुक्त उमाशंकर शर्मा (अधिवक्ता) विशेष योग्यजन द्वारा परिवहन विभाग के साथ बैठक का आज शुक्रवार को विशेष योग्यजन भवन में आयोजन किया गया। राज्य आयुक्त द्वारा सार्वजनिक परिवहन बसों में सीटों के आरक्षण व चिन्हीकरण की प्रमुखता से पालना करवाई जाए। बैठक में दिव्यांग जनों को बैसाखी, व्हीलचेयर आदि दिव्यांग उपकरण उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। इंदिरा गांधी शहरी गारंटी रोजगार योजना के तहत दिव्यांग जनों को रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उमाशंकर शर्मा (अधिवक्ता) राज्य आयुक्त, विशेष योग्यजन द्वारा आज शुक्रवार को विशेष योग्यजन भवन में स्वायत्त शासन विभाग के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत दिव्यांगजन यदि कार्य की मांग करता है तो उसकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप दिव्यांगों को प्राथमिकता से कार्य में नियोजित किया जावे ताकि दिव्यांग जनों की आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### दुकान की दीवार तोड़ने से रोकने पर मालिक का सिर फोड़ा

**जयपुर।** राजधानी के करधनी इलाके में एक दुकान की दीवार तोड़ने से रोकने पर बदमाशों ने मालिक के सिर में ईंट से वार कर लहूलुहान कर दिया। जमीन पर गिरते ही जमकर मारपीट कर नकदी व सोने की चेन भी लूट ले गए। करधनी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि निवारू रोड झोटवाड़ा निवासी मनीष सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि रावणगेट चौराहा के पास उसकी दुकान है। 10 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे पड़ोसी ने कॉल किया। कॉल कर बताया कि पूर्व चेयरमैन महादेव बागड़ा अपने दोनों बेटों और 4-5 लोगों के साथ दुकान पर आया है। दुकान की छत पर चढ़कर दीवार तोड़ रहा है। आरोप है कि पता चलने पर मौके पर पहुंचा। उन्हें दीवार तोड़ने से रोकने पर बोला तूने बिना पूछे दुकान ली है। आरोपी महादेव बागड़ा ने उसके सिर पर ईंट मार दी। लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरने पर उसके बेटों ने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। उसकी जेब में रखे रुपए और गले से सोने की चेन भी तोड़ ली। मारपीट होते देखकर पड़ोसी बचाने के लिए आए। जिन्हें देखकर हमलावर मौके पर कार और स्कूटी छोड़कर भाग निकले।

### राज्यपाल ने किया एब्डोमिनल कैंसर डे पोस्टर का अनावरण

**जयपुर** (कासं)। इस वर्ष मई माह को एब्डोमिनल कैंसर माह के रूप में आयोजित किया जा रहा है और आम जनता में एब्डोमिनल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट' और आईआईईएमआर के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजित की गई है। आज सिविल लाइंस स्थिति राजभवन में राज्यपाल, कलराज मिश्र ने डॉक्टर संदीप जैन, मुकेश मिश्रा और अधिवक्ता कमलेश शर्मा के साथ एब्डोमिनल कैंसर डे पोस्टर का अनावरण किया। निदेशक, आईआईईएमआर, मुकेश मिश्रा ने बताया कि महीने के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में वॉकिंग फेस्टिवल 14 मई को जयपुर सुपर वॉकर अवाड्र्स के साथ शुरू होगा, जिसमें जो लोग खुद को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरणा या प्रेरक हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। 15 मई को हेरिटेज कल्चरल वॉक जयपुर के जलेबी चौक से शुरू होकर हेरिटेज रूट, जंतर मंतर, सिटी पैलेस, आतिश मार्केट, हवामहल से होते हुए वापस जलेबी चौक पहुँचेगी। 19 मई को एब्डोमिनल कैंसर डे मनाया जाएगा, जिसमें 'अवेयरनेस इज पावर' टॉक शो और 22 मई को एबीसीडी हेल्थ कैंप होगा।

### श्री श्री रविशंकर के जन्म दिन पर रक्तदान शिविर

**जयपुर** (कासं)। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार जयपुर द्वारा आज 13 मई को संस्था के प्रणेता श्री श्री रविशंकर का जन्म दिन आश्रम प्रताप नगर में पूरे उत्साह एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। 4 बजे से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया एक जिसमे 75 स्वयंसेवकों ने ब्लड डोनेट किया। स्वामी विश्वेश्वरा ने बताया कि रक्तदान शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के साथ साथ वैदिक धर्म संस्थान की ओर से वैदिक पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आयुष होम किया गया। जिसमे 500 लोगों ने भाग लिया। इसके बाद देश के प्रसिद्ध भजन गायक बॉबी अनेजा एवं शंकर द्वारा किए गए मधुर सत्संग ने 2 वर्ष बाद फिर से सभी को भक्ति और आनंद का अहसास कराया गया। अंत मे सभी श्रद्धालुओं ने स्वादिष्ट प्रसाद ग्रहण कर गुरु कृपा की कृतज्ञता को अनुभव किया। यह कार्यक्रम कोरोना के कारण दो वर्ष पश्चात् संपन्न हुआ है अत सैंकड़ों श्रद्धालुओ ने अभुतपूर्व उत्साह के साथ भाग लिया।